पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने डॉ0 आंबेडकर जयंती पर बधाई दी

राज्यपाल ने आह्वान किया कि डॉ0 आंबेडकर का सही नाम लिखा जाये

लखनऊः 13 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने डॉ0 भीमराव रामजी आंबेडकर की 127वीं जयन्ती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने अपने सन्देश में कहा है कि डॉ0 भीमराव आंबेडकर महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी महापुरूष थे। वे भारत के संविधान के शिल्पकार थे। डॉ0 आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। राज्यपाल ने आह्वान करते हुए कहा कि डॉ0 आंबेडकर के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए उनका सही नाम, जैसा डॉ0 आंबेडकर स्वयं लिखते थे, लिखना जाये।

श्री नाईक ने कहा कि डॉ0 आंबेडकर का जीवन प्रेरणा प्रदान करने वाला है। वे एक ऐसे युग दृष्टा थे जिन्हें किसी जाति में नहीं बांधा जा सकता है। वे पूरे भारत के नेता थे। उन्होनें कहा कि बाबासाहब के संघर्ष भरे जीवन और उनके दर्शन से प्रेरणा लेकर देश के नव-निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिये सभी को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (155/27)